## कुआंबादला सर्किल में नहीं थम रहा जंगल से रेत चोरी का सिलसिला

# बांगई जंगल की नदियों से हो रही रेंजर के संरक्षण में रेत चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया रेंज की कुआं बादला सर्कल की भाडी, कुर्सी ढाना, वीट की वन भूमि में बहने वाली नदियों में बेशकीमती रेत प्राकृति द्वारा दी गई है। जबकि वन अधिनियम के तहत इन नदियों से किसी भी प्रकार का रेतका अवैध उत्खनन पूर्ण से प्रतिबंधित है, लेकिन सोना बन चुकी रेत के पैसों के आगें अच्छो अच्छो का ईमान डोल जाता है। ऐसा ही नजारा इन दिनों भांडी बीट के जंगल नवरी टोला में वन भूमि की नदी में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को देखकर अंदाज़ लगाया जा सकता है । यहां पर नाकेदार की मिली भगत एवं नाकेदार को मिले रेंजर के संरक्षण, मैं , रेत का अवैध खनन बन भूमि की नदियों से होता चलाआ रहा है जिसमें अब तक रेत का अवैध उत्खनन वन अधिनियम का उल्लंघन कर हो चुका है



लेकिन तामिया रेंजर की हठधर्मिता और इनको मिले उच्च अधिकारियों का संरक्षण के कारण वन भूमि से रेत की चोरी लगातार होती चली आ रही है जबकि वन अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि वन भूमि में प्रवेश भि पूर्णता प्रतिबंधित है। लेकिन जब रेत का पैसा अधिकारियों को लग जाए तो सारे नियम कानून को दर किनारे कर देते हैं। ऐसा ही नजारा इन दोनों नवरीटोला के जंगलों में हो कहा हैं। इस अवैध खनन से समझा जा सकता है। तामिया रेंजर की कार्य प्रणाली हमेशा ही विभाग विरोधी रही है। हरिभूमि ने इसका समाचार प्रकाशित किया, लेकिन सच खबर को झुठलाते हुए प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी रेंज का मामला नहीं होने का बतलाकर अधिकारियों को गुमराह कर डाला। जब हकीकत जानने जंगल की नदी का रुख करना था लेकिन वो रेंजर की बात मानने को ना जाने क्यों मजबूर है। बजाए जांच करने के लेकिन इनकी हठ धर्मिता से रेत का अवैध उत्खनन करवाने के लिए जैसे प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अधिकारियों को गुमराह करअब तो बागई जलाशय जो वन भूमि की हद में है । वन विभाग ने केवल जलाशय की अनुमति सिंचाई विभाग को जल संरक्षण के लिए शर्तों पर दी है। बस इसी को ढाल बनाकर नवरीटोला के बाद अब यह दिलेरी के साथ बागई वन भूमि की नदी से रेत का अवैध उत्खनन करवाने लगे इस तरह तामियां रेंजर नवरी टोला के बाद अब बागई जंगल के नदी नालों से रेत का अवैध रेंजर की हठ धर्मिता से शुरु हो गया है। अब नवरी टोला के जंगल के साथ-साथ बागई के जंगल से भी रेत निकालने का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। जबकि इस क्षेत्र में कोई भी नदी नाला, राजस्व कीभूमि में आता है।

## अवैध खनन प्रशासन को दे रहा खुली चुनौती

# घोरावाड़ी क्षेत्र में रेत माफिया की चल रही गुंडागर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

थाना दमुआ के अंतर्गत क्षेत्र घोरावाडी तथा इसके आसपास के रेत माफियाओं की इन दिनों बेधड़क अवैध रेत तस्करी चल रही है क्या रात और क्या दिन दिन के समय भी रेत माफिया ट्रैक्टर ट्राली से रेत का अवैध परिवहन करने से नहीं चूक रहे सूत्रों के अनुसार घोरावाड़ी से लगे हुए क्षेत्र घोरावाड़ी के करमोहोनी बँधी.बड़ी बंधी नदौरा झरना नीमढ़ाना ताराक बिछुआ आधा दर्जन रेत माफिया दिन रात से गाढ़ी कमाई के चक्कर में दिन रात से कन्हान नदी का दोहन करने में लगे है, लेकिन प्रशासन की ओर से न पुलिस विभाग ,न राजस्व विभाग, न खनिज विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही इन माफियाओं पर नहीं हो रही है इन्ही रेत माफियाओ के कारण आज कन्हान नदी अपनी अस्मिता बचाने के लिए संघर्षरत है जो नामुमकिन सा लगता है प्रशासन द्वारा कार्यवाही न होने पर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के लोग भी खासे नाराज है।क्षेत्र में अवैध खनन माफिया सक्रिय है पुलिस से लेकर राजस्व व खनिज के अधिकारी का उदासीन रैवाया के कारण ये माफिया फल फूल रहे है जो की रेत घाट से लेकर सप्लाई के ठिकाने तक बाकायदा ऐसी फील्डिंग जमा कर रखी है जो की रेत जगह तक आसानी से पूछा सके जो की दिन भर ग्राहक ढूंढते हैं और रात मे उनके ठिकाने पर मनमाने दामों पर रेत पहुंचा जा रहा है समय के साथ से नजराना देकर जिम्मेदारों से आंख बंद करने की इजाजत ली हुई है यही वजह है की आस पास ग्रामीण आँचलो से रेत के अवैध परिबहन टेक्टर कभी भी पकडे नहीं जाते है।

# सैलरी नहीं मिलने पर कलेक्टर पर निकाला गुस्सा

### दस माह से वेतन के इंतजार में है अतिथि शिक्षक, डीईओ बोले जल्द होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सोमवार को अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची अतिथि शिक्षक ने कलेक्टर से कहा कि आपका नाम लिखकर सुसाइड कर लूंगी। अतिथि शिक्षक दस महीने से वेतन नहीं मिलने से निराश थी।

मिली जानकारी के अनुसार जुन्नारदेव के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के करीब आठ से ज्यादा अतिथि शिक्षक सोमवार दोपहर को कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इनमें एक अतिथि शिक्षक ममता परसाई भी मौजूद थी। उन्होंने कहा कि वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार की आर्थिक हालत खराब हो गई है। आवेदन में समस्या के निराकरण की मांग की गई थी।

इसके बाद कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह जब पहुंचे तो अतिथि शिक्षकों ने कलेक्टर को आवेदन दिया। कलेक्टर ने बिना पढ़े ही आवेदन अपने पीए को थमा दिया। इसी बात पर महिला अतिथि शिक्षक की कलेक्टर से जमकर बहस हो गई। कलेक्टर इस मामले में जांच के आदेश भी दिए है।



अतिथि शिक्षक ने कहा कि यह सही नहीं है, आपको कम से कम आवेदन पढ़ तो लेना था। इस तरह का व्यवहार गलत है। हमें दस महीने से वेतन नहीं मिला है। हमें चाहे तो हटा दीजिए मुझे बात करना ना सिखाएं। मैं आपका नाम लेकर सुसाइड कर लूंगी।

कलेक्टर ने ममता परसाई को जमकर फटकारा। कलेक्टर ने कहा कि पहले बात करना सीखिए। इस तरह की बहस बाजी का वीडियो जमकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने जांच के आदेश दिए है। मामला सामने आने के बाद इस विषय में जल्द कार्यवाही होने की संभावना है। यद्यपि महिला को जिला कलेक्टर से इस तरह की बात तो नहीं करनी चाहिए थी। परंतु दस माह से वेतन न मिलने का निराशा और गुस्से में महिला ने अपना आपा खो दिया और गलत तरीके से बात की। इस विषय में डीईओ गोपाल सिंह बघेल ने कहा कि इस विषय को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

## राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में सहभागिता की अंतिम तिथि आज

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत ₹प्रत्येक वोट जरूरी है₹ विषय पर ₹राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 51,000 रूपये व प्रमाण पत्र का प्रथम पुरस्कार, 21,000 रूपये व प्रमाण पत्र का द्वितीय पुरस्कार, 11,000 रूपये व प्रमाण पत्र का तृतीय पुरस्कार और 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रूपये का विशेष पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इसके लिए प्रतिभागी 30 अप्रैल 2024 तक mp.mygov.in पोर्टल पर अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं।

जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी को अपना नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और स्लोगन लिखकर अपनी प्रविष्टि पोर्टल के कमेन्ट बॉक्स में क्रमवार सबमिट करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में कोई उत्तेज/आपत्तिजनक शब्द प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी जरूर लिखें।

# एसी का तापमान 27 डिग्री सेट करने पर बिजली बिल में होगी 30 फीसदी तक की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्पलिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। आमतौर पर कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है। जबकि 27 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें। लेकिन जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है। इसलिए समझदारी से काम लेते हुए एसी को 27 डिग्री पर सेट करें तथा सीलिंग फैन एक या दो पाइंट पर जरूर चलाएं, ऐसा करने से बिजली बिल में कमी आ सकती है।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने देखी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# नीट की तैयारी के विषय में किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरानाला में नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा की तैयारी के विषय में विचार-विमर्श किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे निर्भीक होकर परीक्षा में प्रत्येक विषय की तैयारी करें । उन्होंने परीक्षा की तैयारी करने और परीक्षा में आने वाले



प्रश्नों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये प्रश्नों का जबाब देने की विधि से अवगत कराते हुये परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी भी विद्यार्थियों से साझा की । इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक सर्वश्री जितेश डिगरसे, सुनील यादव, कन्हैया पहाड़े, मनीष दुबे आदि के साथ ही पशु चिकित्सक डॉ.छत्रपाल टांडेकर और पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी मोहखेड डॉ.जितेन्द्र बघेल उपस्थित थे ।

# नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र कब होंगे शुरू

### लोकार्पण होने के बाद भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभी तक सौंपा गया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए शासन द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया गया था। जिसका लोकार्पण होने के बाद भी भवन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नहीं सौंपा गया। जिसके चलते वार्ड क्रमांक 6 एवं वार्ड नंबर 10 की आंगनवाड़ी का संचालन अन्य वार्डों में किया जा रहा है। अन्य वार्डों में संचालित होने से नगर वासियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के टीकाकरण का प्रबंध के अलावा बच्चों के लिए पूरक पोषण के वितरण के साथ-साथ गर्भवती और नर्सिंग महिलाओं की निगरानी करने के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का उपयोग नगर में नहीं हो रहा हैं। जिसके कारण केंद्र में मिलने वाली सविधाओं से बच्चे महिलाएं



वंचित हो रहे हैं। नवनिर्मित भवन निर्माण के बाद भावनाओं का उपयोग नहीं होने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वार्ड नंबर 6 के वार्ड वासियों ने बताया कि नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन में बिजली पानी का थोड़ा काम बाकी है। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार का भी कुछ पेमेंट भुगतान शेष है। इसको लेकर नवनिर्मित भवन का उपयोग नहीं हो रहा है। इसी तरह वार्ड नंबर 10 के नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन के सामने बड़ी नाली निर्माण का कार्य बाकी है। जिसके चलते वार्ड नंबर 10 पंचशील कॉलोनी सब्जी मंडी में बना हुआ आंगनवाड़ी भवन भी शोभा की सुपारी बना हुआ है। जिला कलेक्टर से इस ओर हस्तक्षेप करने की गुहार वार्ड वासियों ने लगाई है।

# यातायात पुलिस ने की वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

### दोपहिया चालकों से 17400 और चौपहिया चालकों से 4500 रूपए वसूले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार यातायात नियमो के उल्लघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्द हेल्मेट एंव सीट बेल्ट शीर्ष मे प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक श्री राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाडा द्वारा आज दिनांक 29 अप्रैल 2024 को, छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था।

इस अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 58 समन शुल्क 17400 रूपये, सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 9 समन शुल्क 4500 रूपये, तेज गति से वाहनचलाने वाले चालको के विरुद्द प्रकरण 11 समन शुल्क 11000 रूपये वसूल की गई। इस प्रकार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 86 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 36300/- रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई।

यातायात पुलिस ने यह भी सुनिश्चित किया कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को न केवल चालान जारी किए जाएं, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाए।

इसके लिए, यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाए और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में पर्चे वितरित किए।यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित रहें। यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## जाति, धर्म या भाषा के आधार पर होने वाली बैठकों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचरण संहिता लागू रहने के दौरान जाति, धर्म या भाषा के आधार पर होने वाली बैठकों, सभाओं व सम्मेलनों की अनुमति केवल तभी दी जाये जब संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर पूरी तरह से संतुष्ट हो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-123 का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। साथ ही जाति, धर्म या भाषा के आधार पर होने वाली बैठकों पर कड़ी नजर रखी जाये, उनकी वीडियोग्राफी कराई जाये और यदि कुछ साक्ष्यों में जाति का उपयोग राजनैतिक/निर्वाचन के उद्देश्य से किया जाना पाये जाने पर आयोग को सूचित करते हुये कानून/आदर्श आचरण संहिता के उपयुक्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें ।

## कलेक्टर श्री सिंह ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

# ड्यूटी के समय पर्सनल प्रैक्टिस करते मिले डॉक्टर तो होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर करने के लिए जिला अस्पताल और छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज दोनों की टीमों को मिलकर बेहतर आपसी समन्वय में कार्य करना होगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान ओपीडी एवं ड्यूटी डॉक्टर्स अनुपस्थित पाए जा रहे हैं, यह बिल्कुल भी बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। यदि कोई भी सरकारी डॉक्टर ओपीडी एवं ड्यूटी के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की



जायेगी। उन्होंने इस आशय का एक प्रमाण पत्र मेडिकल कॉलेज के डीन से भी प्राप्त करने के निर्देश अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह आज समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल के भ्रमण के लिए दिवसवार नियुक्त जिला प्रशासन के अधिकारियों से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन और फीडबैक की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ, सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के प्रतिनिधि को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सभी जिला अधिकारियों के साथ ही सभी एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों के निरीक्षण के दौरान सामने आई वस्तुस्थिति के संबंध में भी फीडबैक लिए गए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समझाइश देने के बाद भी जहां सुधार नहीं होगा, वहां अनिवार्य रूप से संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों और सभी एसडीएम को जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों का डिटेल्ड निरीक्षण करने और सभी बिंदुओं को शामिल करते हुए बिंदुवार विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों और स्कूलों के निरीक्षण में सामने आई कमियों को संज्ञान में लेने और उन्हें दूर कराने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को भी बेहतर एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा का लाभ मिल सके। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों, न्यायालय के प्रकरणों, विभिन्न आयोगों एवं वरिष्ठ कार्यालयों के लंबित पत्रों में निराकरण एवं अभी तक की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की और समय पर जवाब दर्ज करते हुए प्रकरणों का यथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## थाने तक पहुंचा मामला, कार्यालय में अटैच है सहायिका

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के बीच हुआ विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत चांदामेटा में संचालित एक आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार सुबह कार्यकर्ता और सहायिका के बीच विवाद हो गया । यह मामला पुलिस तक पहुंचा जहां दोनों पक्ष की ओर से शिकायत की गई । वहीं परियोजना अधिकारी ने आपसी समझौता करने का प्रयास किया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदामेटा वार्ड क्रमांक 11 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका अनीता पटवा सोमवार सुबह केंद्र पहुंची यहां केंद्र का दरवाजा खोलना को लेकर कार्यकर्ता सुल्ताना के साथ तू तू मैं मैं हो गई । सहायिका का आरोप है , कि कार्यकर्ता और उसके कुछ सहयोगियों ने सहायिका के साथ झूमाझपटी की । जिसके बाद सहायिका ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत की । वहीं दूसरा पक्ष भी थाने पहुंचा और अपनी बात रखी । इस दौरान परियोजना अधिकारी एलिस कजूर को भी थाने बुलाया गया । जहां उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया । दरअसल सहायिका अनीता पटवा को कुछ माह से परियोजना अधिकारी के द्वारा कार्यालय में अटैच किया गया है । इस मामले में परियोजना अधिकारी एलिस कजूर का कहना है , कि सहायिका और कार्यकर्ता के बीच पहले भी विवाद हो चुका है । विवादों से बचने के चलते सहायिका को कार्यालय अटैच किया गया है । उन्होंने यह भी बताया , कि चूंकि कार्यालय में पदस्थ चपरासी को बी एल ओ का कार्य सौंपा गया है । जिसके चलते भी सहायिका को कार्यालय में अटैच किया गया है ।

हालांकि इस अटैचमेंट के मामले में कोई भी लिखित आदेश परियोजना अधिकारी की ओर से जारी नहीं किया गया है ।सहायिका अनीता पटवारी ने बताया , कि उसे मौखिक रूप से कार्यालय में ही अपनी ड्यूटी देने के लिए कहा गया है । सहायिका ने यह भी बताया , कि आज उसे अधिकारी के कहने पर आंगनबाड़ी केंद्र जाने को कहा गया था , वहीं परियोजना अधिकारी ने इस बात से साफ इनकार किया है ।

### आंगनबाड़ी केंद्र में दो तले

लगे हुए इस मामले में कार्यकर्ता सुल्तान ने बताया कि सहायता के द्वारा बाहर का तला निकल कर बच्चों के बैठने वाले कक्ष पर लगा दिया गया है और चाबी लेकर चली गई है इसके विपरीत सहायिका उसमें कोई ताला नहीं लगाया विवाद के बाद में खाने गई थी और उसके बाद घर आ गई सहायिका का यह भी कहना है कि उसे जानबूझकर परेशान किया जा रहा है सारे लोग मिलकर उसे परेशान कर रहे हैं और झूठे आरोप लगाकर फसाया जा रहा है इस मामले में एसडीएम से भी शिकायत की है ।

### किराए के मकान में संचालित है आंगनवाड़ी

चांदामेटा वार्ड 11 स्थित आंगनबाड़ी किराए के मकान में संचालित है । यह मकान कार्यकर्ता के किसी रिश्तेदार का बताया जा रहा है । हालांकि इस मामले की जानकारी परियोजना अधिकारी को भी यह मामला होने के बदले पता चली ।इसके अलावा न्यूटन वार्ड नंबर 7 और 8 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र से मिल रही शिकायतों के बारे में परियोजना अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने यह बताया , कि उन्हें इस मामले की जानकारी भी अभी तक नहीं है । इससे साफ नजर आ रहा है , कि परासिया में संचालित आंगनबाड़ी केदो में जारी व्यापक लापरवाहियों से परियोजना अधिकारी अनभिज्ञ है । इसी अनभिज्ञता के चलते विवाद सामने आ रहे हैं । हाल ही में एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति का मामला गर्माया हुआ है । इसी मामले से संबंधित फाइल के चोरी होने की जानकारी सूत्रों के हवाले से मिली है ।

# 87 हजार जरूरतमंदों की सेवा कर मनाया अवतरण दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी परम् पूज्य संत श्री आशारामजी बापू का 88 वाँ अवतरण दिवस ₹ विश्व सेवा दिवस ₹ के रूप में मनाया गया । श्री योग वेदांत सेवा समिति ने इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में मरीजों और व्रद्ध आश्रम में बुजुर्गों को फल वितरण किया , आम राहगीरों को छाछ , गरीबों को वस्त्र एवं जरूरतमंदों को अनाज वितरण किया । खजरी स्थित आश्रम में आज सुबह से ही साधक भक्तों का तांता लगा रहा । आश्रम में कई दैवीय कार्य सम्पन्न हुए । जिसमें प्रातः 10 बजे श्री गुरु चरण पादुका पूजन 11:00 बजे श्री गुरु गीता पाठ 12:00 बजे पूज्य बापूजी की कृपा पात्र शिष्या साध्वी नीलू बहन का सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने बताया कि आज पूज्य बापू जी का 87 वाँ अवतरण दिवस है । देशभर के 550 आश्रम और 2500 समितियाँ इसे विश्व सेवा दिवस के रूप में मना रही हैं । प्रतिवर्ष साधक भक्त पूज्य बापूजी का अवतरण दिवस जरूरतमंदों की सेवाएं कर के ही मनाते है । जिले में यह सेवा विगत 01 माह से जारी है । फिलहाल देश में चुनाव का माहौल है। आदर्श चुनावी आचार संहिता का ध्यान रखते हुए राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम से दूर रखा है । समिति द्वारा सभी साधक भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी । शाम 05 बजे गुरुकुल से संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसने पूरे नगर को हरिमय किया । इस भव्य आयोजन में श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी आश्रम खजरी का सहयोग सराहनीय रहा । इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , विशाल चवुत्रे , एम आर पराड़कर , गेंदराव कराडे आदि मौजूद रहे।

# शासकीय महाविद्यालय दमुआ में हुआ युवा संवाद का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन के अंतर्गत युवा संवाद का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री जितेंद्र दिवाकर के सहयोग से युवा संवाद के मुख्य अतिथि डॉक्टर योगेश कुमार पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी जुन्नारदेव एवं डॉ संजय शर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपने संवादों में पशु उपचारों एवं पशुपालन के लिए ऋण सुविधा अनुदान सुविधा प्रशिक्षण सुविधा आदि के बारे में विद्यार्थियों को समझाया गया।

# चौरई एसडीएम एवं सीएमओ के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई के वार्ड नंबर चार सब्जी मंडी बाजार चौक एवं वार्ड नंबर 2 (माता मंदिर ) के जन प्रतिनिधि एवं वार्ड वासियों द्वारा एकत्रित होकर सब्जी मंडी रोड से लेकर माता मंदिर रोड तक सब्जी व्यापारियों द्वारा बीच रोड पर दुकान लगाने के विरोध मैं चौरई एसडीएम एवम नगर पालिका को दिया ज्ञापन। वार्ड नं 04 पुराना पोस्ट ऑफिस रोड एवं वार्ड नं 02 माता मोहल्ला चौरई में प्रतिदिन अनाधिकृत ढंग से करीव 60-70 से अधिक फुटकर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा रोड पर लोगो के घरो के सामने बैठकर सब्जी विक्रय करने का व्यवसाय किया जा रहा है जो किसी भी प्रकार से स्थाई बाजार नही है। जबकि सब्जी व्यापारियों के लिए इसके पूर्व में कला मंच के सामने कंक्रीट चबूतरे की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा बनवा कर दी जा चुकी है । पर सब्जी व्यापारियों द्वारा अपनी अपनी जगह किसी ने एक लाख किसने ने डेढ़ लाख रुपए मैं कपड़ा व्यापारियों को बेच दी है सब्जी बेची गई जगह पर आप कपड़ा व्यापारी वहां स्थित है और सब्जी व्यापारी बीच रोड पर दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं इस ओर नगर पालिका चौरई को व सम्बंधित बाजार की वसूली के ठेकेदार को वार्ड वासियों व अन्य आम राहगीरो के द्वारा बार बार ध्याना आकृष्ट कराये जाने पर भी कोई व्यवस्था कर उन्हें वंहा से हटाया नहीं गया जिससे वार्ड क 2 व 4 के निवासीयों के खुद के घर के सामने अवैध सब्जी बाजार लगने से घरेलू समस्याओं व वार्ड वासियों के निजी वाहनों को आवागवन व रख रखाव व अकस्मात परिवार में बीमार होने वाले मरिजों को अस्पताल तक को लाना ले जाने में बाजार में लगने वाला जाम के कारण वाहन आदि निकालने में असुविधा हो रही है,। कुछ मौके पर तो एंबुलेंस जैसे वाहन तक को काफी देर तक जाम का सामना करना पड़ता है। और कुछ मौका पर देखा यह भी गया है की मोटरसाइकिल वाहन मालिक द्वारा बीच रोड पर मोटरसाइकिल खड़ी कर चले जाना उसके बाद जाम जैसी स्थिति लड़ाई झगड़े वाली स्थिति भी उत्पन्न होना आम हो चुकी है।

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन तहसीलदार के आश्वासन के बाद आंदोलन किया समाप्त

# बिजली-पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, आवागमन हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी तहसील के बहेला थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हनवाड़ा के ग्रामीणों ने रविवार को बिजली- पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत है कि कई दिनों से उनके गांव में बिजली और पानी की समस्या बनी हुई थी। शिकायत के बावजूद बिजली विभाग व पी, एच, ई विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने सड़क पर उतरने का फैसला किया। क्षेत्र में 23 अप्रैल को आये तूफान से क्षेत्र में कई स्थानों पर तबाही मचाई और कई घरों को तहस- नहस कर दिया था, कई घरों के टीन शेड, छते उड़ गई तो अनेको पेड़ धराशायी हो गये वही इनके सर्वाधिक नुकसान हुआ था तो वह विद्युत विभाग का जिसमें कई तार, खंबें, ट्रांसफार्मर, इन्सुलेटर सहित अनेको उपकरण खराब हो चुके थे और आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामों की विद्युत व्यवस्था ठप्प हो चुकी थी। इस तुफान में नगरीय क्षेत्र में तो 12 से 15 घंटो में विद्युत सप्लाई बहाल हो गई थी लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में दो से तीन दिनों तक विभाग विद्युत बहाली नही हो पाई। 23 अप्रैल से लेकर 28 अप्रैल तक ग्राम बम्हनवाड़ा के 14 वार्डों में विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी जिसके चलते ग्राम वासी खासे परेशान है और उन्होने अब आंदोलन रूख अपनाते हुये लांजी भिलाई मुख्य मार्ग को कुछ घंटो के लिये बाधित करते हुये अपना आक्रोश व्यक्त किया गया।ग्राम बम्हनवाड़ा के ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम की सूचना के बाद बहेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने ग्राम बम्हनवाड़ा के ग्रामीणों को समझा कर सड़क जाम खुलवाने का प्रयास भी किया परन्तु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे और मौके पर बड़े अधिकारी को बुलाने की मांग की। ग्राम बम्हनवाड़ा के ग्रामीणों द्वारा कर रहे प्रदर्शन के बीच सड़क जाम होने के कारण यातायात प्रभावित होने लगा था। वहीं पुलिस के द्वारा वाहनों को रोड के बाजू से व्यवस्था बनाकर निकाला निकाला गया।



### इनका कहना है

हमारे गांव में 5 से 6 पोल गिर चुके थे और ट्रांसफार्मर खराब हो गये थे, पोल 28 अप्रैल से 3 दिन पूर्व लग चुके है लेकिन लाईट की व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो पाई। बम्हनवाड़ा में कारंजा फीडर से लाईट आती है हमने जेई शर्मा को और लाईन मेन कोठारे को सुचित किया और सुबह से जेई शर्मा से बात चल रही है लेकिन वे हमे मिलने नही आये। फोन पर बस दिलासा देते रहते है जायेगा बन जायेगा। आठ दिनों से लाईट नही है तो पानी की बहुत समस्या है।

**शिवलाल खरोले, ग्रामीण**

भाकचंद फूल्लारे ग्रामीण तूफान के कारण पोल गिर गये न थे हमने पोल खड़े कर दिये है और लाईन प्रारंभ की गई थी लेकिन ट्रांसफार्मर चार्ज नहीं हो न रहा है 29 अप्रैल को 11 बजे तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जायेगा। समाधान भी बताया गया कि ट्रांसफार्मर बदल दिया जायेगा तो लाईट सुचारू रूप से प्रारंभ हो जायेगी।

**हुलास राम कोठारे**
**सहायक लाईनमेन**

## राजस्व अमले ने बड़े तालाब में अतिक्रमण किया चिन्हित

# छतेरा रोड़ पर करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर पाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के बड़े तालाब की कथित तौर पर सीमांकन कार्रवाई पूरी करने के बाद अब राजस्व अमला तालाब की भूमि पर अतिक्रमण को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर चुका है. सोमवार को राजस्व निरीक्षक शंकर दयाल कौल के नेतृत्व में राजस्व अमले की टीम ने छतेरा रोड पर अतिक्रमण चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू की. राजस्व अमले ने करीब आधा दर्जन से अधिक आवासीय मकानों में अतिक्रमण चिह्नित किया है. अतिक्रमण चिह्नित करने की यह प्रारंभिक कार्रवाई है. दरअसल राजस्व अमले को बड़े तालाब का अतिक्रमण चिह्नित करने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है. राजस्व टीम ने चार अलग-अलग नक्शे की एक सीट तैयार की है. जिसके मिलान के आधार पर अतिक्रमण चिह्नित किया जा रहा है. इसके साथ ही जिन्हें आवासीय पट्टे आवंटित किए गए हैं उन पट्टो से मिलान कर अतिरिक्त निर्माण को अतिक्रमण के रूप में चिह्नित किया जा रहा है. अतिक्रमण चिह्नित करने के बाद राजस्व अमले की टीम रिपोर्ट तहसीलदार को प्रस्तुत करेगी. जिसके बाद राजस्व विभाग के अधिकारी एसडीएम और तहसीलदार अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामील कर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अवसर प्रदान करेंगे. इस दौरान पट्टे धारकों को भी उनका पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि करीब 07 साल पहले तत्कालीन विधायक के.डी.देशमुख ने राज्य सरकार से नगर परिषद को बड़े तालाब का सौन्दर्यीकरण के लिए 2 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है. मगर, इस राशि का अब तक उपयोग नहीं हो पाया है. नगर परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष और अधिकारियों ने तालाब के सौंदर्यीकरण में दिलचस्पी नहीं दिखाई. जिसका प्रमुख कारण तालाब में फैला अतिक्रमण ही रहा है. मगर, अब विधायक गौरव सिंह पारधी और नपा अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने तालाब के सौन्दर्यीकरण का बीड़ा उठाया है. नगर परिषद सीएमओ ने तालाब का सीमांकन के लिए आवेदन किया था. तहसीलदार के मुताबिक तालाब का सीमांकन हो गया है हालांकि रिपोर्ट कहां है इस बारे में कोई जानकारी नहीं है. इस बीच तालाब की भूमि पर अतिक्रमण को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

कटंगी शहर के बड़े तालाब का इस साल सौन्दर्यीकरण और गहरीकरण होना फिलहाल तो मुश्किल है. चूंकि अभी तालाब की भूमि का अतिक्रमण चिन्हित किया जा रहा है. इसके बाद विधिवत अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जाएगा. इस प्रक्रिया में 04 से 05 माह का समय लगना एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है. इसके अलावा तालाब के डीपीआर में भी परिवर्तन करना है. नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे ने तालाब के डीपीआर में कई त्रुटियां की है जिसे बदला जाना है. मतलब नया डीपीआर तैयार करना है. तालाब के अभी नगर परिषद के पास 2 करोड़ से अधिक की राशि है. विधायक और नगर परिषद अध्यक्ष का कहना है कि यह राशि बेहद कम है. जिससे तालाब का सम्पूर्ण कायाकल्प नहीं हो पाएगा. इसलिए राज्य और केन्द्र सरकार से अतिरिक्त बजट लाने की तैयारी भी की जा रही है ताकी एक ही बार में तालाब की सूरत को बदला जा सके।

### इनका कहना है

तालाब की भूमि पर अतिक्रमण को चिन्हित करने की प्रारंभिक कार्रवाई की गई है. आज करीब आधा दर्जन मकानों में अतिक्रमण पाया गया है. उन्हें चिन्हित किया गया है।

**शंकर दयाल कौल राजस्व निरीक्षक**

## 15 मार्च को गलत इंजेक्शन लगने की वजह से गई थी युवक की जान

# एक माह से फरार डॉ. वर्षा सिंह फिर कर रही लोगों की जान से खिलवाड़

## प्रशासन द्वारा सील करने के बावजूद बरामदे में कर रही लोगों का इलाज



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील में डेढ़ माह पूर्व 15 मार्च की शाम 7 बजे ग्राम बिसोनी स्थित दशन क्लीनिक में इलाज कराने पहुंचे 38 वर्षीय ओमकार कर्राहे की अचानक मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस टीम और क्षेत्रिय विधायक भी अस्पताल पहुंचे थे। जिस पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 08/24 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया था। वहीं युवक की मौत से क्षेत्र में फैले आक्रोश देखकर दशन क्लीनिक की संचालिका डॉ. वर्षा सिंह भी अपने निवास से तुरंत ही फरार हो गई थी। वहीं कुछ दिन तक मामले ने तूल पकड़ा परंतु जैसे-जैसे समय बीता मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया और डॉ. वर्षा सिंह पुनः लांजी क्षेत्र में लोगों का उपचार बड़ी आसानी से कर रही हैं। परंतु इतने बड़े मामले में संदिग्ध होने के बावजूद किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को इस मामले की सुध नहीं है जिससे डॉ. वर्षा सिंह पुनः लांजी में अपने प्रतिबंधित क्लीनिक में बेधड़क होकर इलाज कर रही है जो गैरकानूनी है। वहीं इस मामले में जब क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे को क्लीनिक संचालन किये जाने की जानकारी मिली तो उनके द्वारा तुरंत एसडीएम और नगर निरीक्षक से इस संबंध मे 'जानकारी मांगी जिसके बाद लांजी पुलिस द्वारा डॉ. वर्षा सिंह के पति राधेध्याम मीणा को शनिवार 27 अप्रैल को थाने में तलब किया।

**विवादों से रहा है दशन क्लीनिक का पुराना नाता :** जानकारी अनुसार नगर के दशन क्लीनिक का विवादों के साथ पुराना नाता रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सन 2019 में दशन क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दबिश देकर कुछ समय के लिये दशन क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की थी, तथा दशन क्लीनिक की संचालिका डॉ. वर्षा सिंह द्वारा नगर में अपना प्राईवेट क्लीनिक खोले जाने की जानकारी भी बीएमओ प्रदीप गेडाम को उपलब्ध नहीं कराई गई थी। जिससे दशन क्लीनिक विवादों में आया था। वहीं इसके बाद से समय-समय पर क्षेत्र के लोगों द्वारा सही इलाज नहीं किये जाने की शिकायतें लगातार की है परंतु गंभीर घटना नहीं होने की वजह से आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई थी।

**कार्यवाही नहीं किये जाने से मृतक ओमकार कर्राहे के परिजनों मेंं छाई निराशा:** वहीं इस मामले में खास बात यह भी है की डॉ. वर्षा सिंह के पति राधेश्याम मीणा जो घटना दिनांक को भी शराब के नशे में धुत्त थे। घटना के बाद से लगातार लांजी थाने में अपनी हाजिरी दे रहे है वहीं इस गंभीर मामले को भी रफा दफा करने के प्रयास में ऊपर से नीचे तक सेंटिंग जमाने के लिये हाथ पैर मार रहे है। परंतु इस मामले में जहां तक प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यवाही सवाल है वह पूरी तरह ढीली नजर आ रही है जबकि इस घटना से लांजी में लोधी समाज में डॉ. वर्षा सिंह के खिलाफ काफी आक्रोश देखने को मिला था परंतु लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से मृतक ओमकार कर्राहे के परिजनों में निराशा छाई हुई है।

### जांच रिपोर्ट आने के पूर्व इलाज करना गैरकानूनीः बीएमओ गेडाम

वही इस संबध में बीएमओ प्रदीप गेडाम का कहना है की डॉक्टर वर्षा सिंह द्वारा जांच रिपोर्ट आने के पूर्व वह किसी भी व्यक्ति का इलाज नहीं कर सकती है, परंतु समझ से परे है की डॉक्टर वर्षा सिंह किस अधिकारी की अनुमति से लोगो का उपचार कर रही हैं साथ ही जब उनके क्लीनिक को प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है उसके बावजूद उनके द्वारा सील क्लीनिक के बरामदे में इलाज और सादे कागज में प्रिसक्रिप्शन लिखकर दिया जा रहा है जो गैरकानूनी है। पुलिस प्रशासन एवं एसडीएम को इस संबंध संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्यवाही करना चाहिए।

# परिवहन विभाग के नाक के नीचे दौड़ रही बिना बीमा, फिटनेस, परमिट की बसें

**जब से परिवहन विभाग में देवेश बाथम का प्रवेश हुआ है प्राइवेट गाड़ीयों की मनमानी शुरू हो गई है चाहे मन माना किराया वसूलना हो सवारियों के साथ बदतमीजी करना हो शासन को चूना लगाते हुए बीमा फिटनेस परमिट आदि के बिना गाड़ी चलाना हो यह सब धड़ले से चल रहा हैं**

**परिवहन विभाग की सेटिंग और लापरवाही के कारण रोड में बिना बीमा फिटनेस और परमिट के वाहन धडल्ले से दौड़ रहे है इससे यात्रियों और राहगीरों की सुरक्षा खतरा में है ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिल रहे हैं जब किसी गाड़ी का बीमा नहीं है किसी का फिटनेस तो किसी गाड़ी का परमिट नहीं शासन की योजना के तहत हर गाड़ियों के स्पीड गवर्नर लगना था मगर आरटीओ विभाग इन मापदंडों की जांच करने की फुर्सत नहीं निकाल पा रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लेकिन देवेश बाथम सब कुछ देखते हुए भी अंजान बने बैठे हैं उन्हें परिवहन जैसे मुख्य विभाग की जिम्मेदारी होने के बाद भी उनके द्वारा इस विभाग की जिम्मेदारी संभल नहीं रही है ग्रामीण क्षेत्रों पर चल रही बसों की हालत किसी से छुपी नहीं है यहां क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग भरे जाते हैं और उन वाहनों की हालत इतनी जर्जर होती है कि लगता है कि अभी बगर जाएंगे मगर परिवहन विभाग कभी इस और कोई ध्यान देता नहीं है परिवहन अधिकारी ने अपने आप को ए सी कमरे तक ही अपने आप को सीमित कर लिया है।अभी कुछ दिन पहले ही खवासा चैक पोस्ट पर एक बस बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना परमिट की पकड़ी गई थी जिसे चंद घंटे में 15 हजार का मामूली फाइन लगा कर छोड़ दिया गया था। इस कंपनी की गाड़ियां नियम तोड़ने में माहिर हो गई है और लगता है आर टी ओ का इस कंपनी को कोई डर नहीं या कोई सेटिंग है जब ही इनके हौसले बुलंद है।

# लखनवाड़ा पुलिस के नाक के नीचे से फरार हो गए जिलेटिन लगाकर ब्लास्टिंग करने वाले

**लखनवाड़ा थाना सहित शासन को अवगत कराया गया था कि आपके थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से कुओं का खनन कार्य चालू है जिसमें अवैध रूप से लाई गई जिलेटिन युक्त विस्फोटकों का उपयोग किया जा रहा है। जोकि बाहर से आए कुछ लोगों कर रहे हैं मगर लखनवाड़ा पुलिस ने खबर प्रकाशन के 15 दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की और उन्हें फरार होने का पूरा मौका दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




अब पुलिस का कहना है की ऐसी कोई घटना हमें नहीं मिली और जिलेटिन लगाकर ब्लास्टिंग करने वाले भी हमें नहीं मिल पाए। कहते हैं पुलिस मुर्दो से भी पता कर लेती हैं तो क्या गांव में खुद रहे कुओं के मालिकों से ब्लास्टिंग करने वालों का पता लेना और उनसे संपर्क कर पता नहीं कर पाई की जिलेटिन युक्त विस्फोटक आचार संहिता में कहा से आ रहे हैं, विस्फोटकों में वैन होने के बाद भी कैसे आ रही है, विस्फोट करने वाले कहा के है, उनके पास लाइसेंस है, क्या वे विस्फोट करने के लिए प्रशिक्षित है,बिना नंबर के टैक्टर विस्फोटक लेकर कैसे घूम रहे थे जबकि आरटीओ चैक पोस्ट और टोल प्लाजा लगे होने के बाद भी जबकि जन चर्चा तो है की लखनवाड़ा थाने के कुछ पुलिस वालों को इस मामले में पूरी जानकारी थी। जानबूझकर उनको भागने का मौका दिया गया है। या कुछ साठ गांठ की गई है।

# 10 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री परशुराम का प्राकट्य महोत्सव, ब्राह्मण समाज जुटा तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में, भगवान विष्णु के षष्टम् अवतार, भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समितियां का गठन करके कार्य विभाजन का दायित्व एवं प्रभार सोंपा गया। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में, विगत दिवस समाज की जिलाबैठक संपन्न हुई। भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव समारोह आगामी 10 मई ,के संबंध में ,बैठक में व्यापक विचार विमर्श के पश्चात, कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिए गए कि, वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया तदनुसार 10 मई शुक्रवार को, नंदीकेश्वर धाम बरघाट रोड सिवनी में- ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज श्री द्वारा प्रतिष्ठित- श्री माता त्रिपुर सुंदरी तथा भगवान श्री परशुराम के सिद्ध मंदिर में प्रातः 9:00 बजे से आचार्य पंडित श्री सोनू महाराज के



आचार्यत्व में , विधि विधान से अभिषेक ,पूजन, अर्चन, विग्रह श्रृंगार, प्रारंभ होगा। जिसमें समस्त श्रद्धालूजन सपरिवार पुण्य लाभअर्जित करने हेतु सादर आमंत्रित हैं। समारोह के दूसरे चरण में, भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा ,वाहन रैली के रूप में दोपहर 3:00 बजे मठ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण तथा विप्र समाज के नर-नारी, नगर के निर्धारित रैली मार्ग से भ्रमण करते हुए, नगर वासियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शोभायात्रा नंदीकेश्वर धाम श्री परशुराम भवन पहुंचकर, धर्म- सभा में परिवर्तित होगी । धर्मसभा को विप्र समाज के आमंत्रित विद्वानों द्वारा उदबोधित किया जावेगा। कार्यक्रम में -अतिथियों का अभिनंदन ,प्रतिभा सम्मान ,समाज का प्रतिवेदन वाचन ,उद्बोधन, आभार अभिव्यक्ति, प्रीति भोज के पश्चात, शाम 7:00 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम निर्धारित है। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं आयोजन समिति ने समस्त विप्रजनो तथा श्रद्धालुओ से – समारोह में सपरिवार वरद् उपस्थिति प्रदान कर ,पुण्य लाभ अर्जित करने का विनम्र आग्रह किया है ।

# घर के सामने शेड में खड़ी डिजायर कार को अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर, किया क्षतिग्रस्त

**मौके से वाहन चालक वाहन लेकर भागा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

नगर के सिविल अस्पताल केवलारी के सामने रहने वाले पाण्डेय मेडिकल स्टोर के संचालक संजय पाण्डे के घर के सामने शेड खड़ी हुई डिजायर कार गाड़ी क्रमांक एमपी 20 CL 4808 को रात लगभग 11.20 के आसपास केवलारी बस स्टैंड की ओर से तीव्र गति से आती हुयी कार क्रमांक MP 22 ZB 2705 के वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुये घर के सामने शेड में खड़ी डिजायर कार को तीव्र गति से जोरदार टक्कर मारा जिससे डिज़ायर कार गाड़ी बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।साथ ही शेड के लोहे के खम्बे, और सीढ़ी की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक कार को लेकर घटना करने के बाद फरार हो गया। घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों ने कार के वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया परंतु वह तीव्र गति से कार को लेकर नैनपुर की ओर भाग गया ।जिस पर उपस्थित लोगों ने उस घटना करने वाली कार की फोटो खींच लिया।जिससे इस घटना को कारित करने वालों की पहचान हो सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में तीन लोग सवार थे। साथ ही सिविल अस्पताल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी इस घटना फुटेज प्राप्त हो सकी है। पुलिस ने संजय पाण्डे की रिपोर्ट के कथन ओर साक्ष्य के आधार पर धारा 279 के तहतः मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत हेतु आयोजित हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अध्यक्ष सतीश चंद्र राय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में आगामी 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु सोमवार 29 अप्रैल 2024 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में समय दोपहर 02:00 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण के साथ बैठक की। बैठक में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने आगामी आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले धारा 138 राजीनामा योग्य प्रकरणों की समीक्षा कर अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में न्यायाधीशगणों से चर्चा की। बैठक में अधिक संख्या में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी द्वारा सुश्री रंजना डोडवे प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सिवनी के समन्वय से आज सोमवार 29 अप्रैल 2024 को किशोर न्याय अधिनियम 2015 विषय पर किशोर न्याय बोर्ड के अधिवक्ताओं हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में सुश्री रंजना डोडवे प्रिसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सिवनी ने उपस्थित अधिवक्ताओं को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एक्ट के संबध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा अधिवक्ताओं को किशोर न्याय बोर्ड से संबंधित प्रकरणों में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# दो स्थाई व 20 फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुलिस ने शनिवार रात भर कांबिंग गश्त की।इस दौरान निगरानी बदमाशों, गुंडा, जिलाबदर के आरोपितों की जांच की गई।इसके अलावा देर रात वाहन चालकों से भी पूछताछ की गई।साथ ही फरार चल रहे स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**रात भर सड़कों पर घूमी पुलिस, संदिग्धों से की पूछताछ**



एसपी राकेश कुमार सिंह का कहना है कि गुंडे, बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा शनिवार को देर रात कांबिंग गश्त कर गुंडे बदमाशों व अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों सहित लगभग एक सौ बदमाशों को चेक किया गया।शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों ने पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों, असामाजिक तत्व पर निगरानी, धरपकड़ के लिए गश्त की। रात में कांबिंग गश्त के दौरान 22 वांरटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनमें दो स्थाई व 20 फरार वारंटी शामिल है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात जिले की धूमा व लखनादौन पुलिस टीम ने एक-एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।वहीं कुरई पुलिस ने तीन गिरफ्तारी वारंटी, उगली पुलिस ने दो गिरफ्तारी वारंटी, कान्हीवाड़ा व डूंडासिवनी पुलिस ने छह-छह गिरफ्तारी वारंटी, बंडोल पुलिस ने एक व कोतवाली पुलिस टीम ने दो गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा है।

## कुआॅ में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

केवलारी- थाना केवलारी अन्तर्गत आने वाले ग्राम परासपानी में एक व्यक्ति की कुआॅ मे डूबने से मौत हो गयी, केवलारी पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया गया, मौत का कारण अज्ञात है । टीआई सी0एस0 उइके ने बताया कि थानान्तर्गत ग्राम-परासपानी निवासी रमेश बघेल पिता बसोडी लाल उम्र-45 वर्ष, आज रात्रि के समय घर के पीछे खेत में मवेशियों को भगाने के लिए गया था । जो देर रात तक वापिस नहीं आया । रात्रि से ही परिजनो व्दारा रमेश बघेल की खोज बीन की जा रही थी । घर के पीछे स्थित कुआॅ में रमेश बघेल का शव आज सुबह के समय तैरता पाया गया । घटना की सूचना परिजनो व्दारा थाना केवलारी में सूचना दी गयी, घटना स्थल में केवलारी पुलिस पहुंच कर, शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए ,शव का परीक्षण कराये जाने के बाद परिजनो को सौंपा गया ।

# अपेक्षानुसार प्रगति न पाये जाने पर एसडीओ पीएचई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

- जल-जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर श्री सिंघल ने की समीक्षा

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार 29 अप्रैल को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा सर्वप्रथम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही एकल नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंडवार आंगनवाड़ी केन्द्र एवं स्कूलों में नल-जल कार्यो की समीक्षा के दौरान केवलारी में अपेक्षानुसार प्रगति न पाये जाने पर संबंधित एसडीओ पीएचई पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी स्कूलों एवं आंगनवाडी केन्द्रों में 15 मई तक शतप्रतिशत नल कनेक्शन करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंघल ने समूह नल-जल योजनाओं की समीक्षा कर बंडोल नल-जल योजना के कार्य की धीमी गति पर संबंधित अनुबंधकर्ता पर खासी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने अनुबंधकर्ता को आवश्यकतानुरूप कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए कार्य की गति बडाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल-निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# एक सप्ताह की समय सीमा में सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों के निराकरण में लाई जाए प्रगति-कलेक्टर

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 29 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत एवं सहित सभी शासकीय कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति रही। इसके साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



समय-सीमा बैठक सम्पन्न

बैठक में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, सीएम हेल्प लाइन तथा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को एक सप्ताह के भीतर सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री सिंघल ने गेंहू उपार्जन की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएमओ को उपार्जन केन्द्रवार अधिकतम वाहन उपलब्ध कराते हुए परिवहन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसी तरह उपार्जित गेंहू के लंबित भुगतान तत्काल संबंधित कृषकों के बैंक खातों में करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित तथा वीडिया कॉफ्रेंसिंग से जुड़े सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को भी नरवाई जलाने वाले कृषकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपसंचालक कृषि को भी विभाग के मैदानी अमले के माध्यम से मैदानी स्तर पर किसानों को नरवाई न जलाने की समझाईश देते हुए वैकल्पिक व्यवस्था से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सिंघल ने खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उचित मूल्य दुकानों निर्धारित दिवसों एवं समय में खुली रहें तथा पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार रूप से पात्रतानुसार राशन का वितरण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंघल ने खाद-बीज की स्थिति, एनआरसी में दर्ज बच्चों की संख्या, छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा उपस्थित सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि सेवा निवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को पेंशन प्रकरण समय सीमा में पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किये जाए तथा इन प्रकरणों में किसी भी तरह कि खामी पाए जाने पर सुधार कर पुनः प्रस्तुत करें ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ तथा उसके अन्य हितलाभ का वितरण समय सीमा में हो सके।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर केवलारी में मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के चलते केवलारी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन सैंट नॉबर्ट स्कूल केवलारी के ऑडिटोरियम में किया गया । जिसमें आमंत्रित मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि गण एवं केवलारी क्षेत्र के सामाजिक बंधु ,मातृशक्तियों की उपस्थिति रही ।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब के छायाचित्र में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया जाकर, नन्ही बालिका के नृत्य प्रस्तुती उपरांत उपस्थित प्रबुद्ध वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के संघर्ष मय जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनों को एवं समाज को बाबा साहब के मार्गदर्शन में चलते हुए उनके विचारों पर अमल करने की बात कही, तथा बाबा साहब के द्वारा दी गई सीख कि , संगठित बनो शिक्षित बनो का विश्लेषण करते हुए समाज को शिक्षित होने के साथ-साथ अपने मानसिकता एवं सोच में परिवर्तन करने का संदेश दिया गया । साथ ही संविधान से मिले अपने अधिकारों की रक्षा हेतु संकल्पित होने तथा स्वयं को जागृत कर कुरीति, कुप्रथाओं ,रुढ़िवादिता को समाप्त करने हेतु अपने परिवार एवं समाज को जागृत करने के लिए प्रयासरत होने तथा सामाजिक एकता व एकजुटता से संगठित होने का संदेश दिया गया।

## प्रीलिटिगशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आयोजित हुई बैठक

माननीय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र राय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में आगामी दिनांक 11.05.2024 को आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 29.04.2024 को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी में दोपहर 12:00 बजे से लीड बैंक मैनेजर, दूरसंचार विभाग सिवनी, मुख्य नगरपालिका परिषद सिवनी, कार्यपालन यंत्री, म.प्र.पू.क्षे. वि.वि. कंपनी लिमिटेड सिवनी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने आगामी आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन कराते व आत्मरक्षा शिविर 1 मई से प्रारंभ

**बालाघाट।** जिला खेल और कल्याण विभाग अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में निशुल्क ग्रीष्मकालीन कराते शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला कराते खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन द्वारा मुलना स्टेडियम विभागीय कराटे प्रशिक्षण केंद्र (कराते हाल) में 1 मई से 30 मई तक आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसका उद्देश्य युवक, युवतियों, महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना है। आत्मरक्षात्मक खेलों के लिये किसी भी युवती के लिये शासन द्वारा आयु बंधन नहीं रखा गया है। शिविर में युवतियों व बालिकाओं को रोड फाइट एवं आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालक प्रशिक्षणार्थियों के लिये 19 वर्ष से कम आयु का होना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण में नियमित रूप से आने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण के लिये इच्छुक बालक, बालिकाएं, युवतियां पंजीयन फार्म भरने हेतु आयु प्रमाण, आधार कार्ड छाया प्रति, पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है एवं आज शाम 5 बजे या सुबह 6 बजे प्रशिक्षण अवधि में कराते प्रशिक्षक श्री कृष्णन मुलना स्टेडियम में या 9406643497 के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं।

### ग्राम पंचायत पाथरी में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न




**वारासिवनी।** वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरी में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी सुधीरसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को विधिक सेवा समिति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। ग्रामीणजन को विधिक साक्षरता का आशय समझाते हुए बताया गया कि विधिक साक्षरता से आशय जनता को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनका आत्मसात कर अपने जीवन को बेहतर बनाने एवं सशक्तिकरण करने हेतु समझाईश दी गई। विधिक जागरूकता से कानूनों के पालन एवं निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ती है। शिविर के दौरान लोगों को मोटर व्हीकल अधिनियम, भरण पोषण अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में सरपंच श्रीमती धनवंता पटले, सचिव विकास मेश्राम, जीआरएस राहुल डोंगरे, पंच कुंजीलाल कटरे, शिवचरण सहारे, विजय राउत एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

# होटल मालिक बुर्के की आड़ में अवैध कारोबार को दे रहे अंजाम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट शहर में चल रहे होटल तथा लॉज में अवैध कारोबार चल रहे हैं। इसका खुलास बीते गुरूवार की रात में मुस्लिम समाज द्वारा किया गया। बालाघाट मयूर टॉकिज के पास होटल चंदेला इन में एक युवक के साथ बुर्का पहने महिला होटल के रूम में ठहरती हैं। मुस्लिम समाज के द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बुलाया जाता हैं। होटल में युवक के साथ महिला पुलिस को मिलती हैं किन्तु महिला गैर मुस्लिम निकलती हैं, उसके पास से प्राप्त परिचय पत्र में लड़की गैर मुस्लिम पाई जाती हैं।

बड़ा प्रश्न यह उठता हैं होटल संचालक नियम विरूद्ध कार्य करके धन कमाने में लगे हैं। मुस्लिम समाज का कहना हैं कि बुर्के पहनकर अवैध कार्य कर रही महिलाओं से उनके समाज की बदनामी हो रही हैं तथा हमारी भावनाएं आहत हो रही हैं।

#### इनका कहना हैं

होटल में मिली महिला बालिग थी तथा उसके पास परिचय पत्र था, समझाईंश देकर छोड़ दिया गया हैं।

**गहलोत जी, थाना प्रभारी कोतवाली बालाघाट**






### कलेक्टर ने की कार्रवाई : विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा में लापरवाही बरतने पर प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सामग्री प्राप्ति के लिए शासकीय हाई स्कूल मछुरदा बिरसा के प्रभारी प्राचार्य कुमुद कावड़े को 27 अप्रैल को जिला कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था, किन्तु कावड़े निर्धारित तिथि में कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पाए। जिसकी वजह से परीक्षा सामग्री वितरण करने में बाधा पैदा हुई।

संकुल प्राचार्य शाउमावि कचनारी की ओर से बताया गया कि कावड़े अपनी पदांकित संस्था में भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की ओर से परीक्षा जैसे गोपनीय कार्य को गंभीरता से न लेने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता और घोर लापरवाही बरतने के मद्दे नजर कुमुद कावड़े को मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के उपनियम 9 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### डाकमत पत्र और ईवीएम से मतगणना का प्रशिक्षण 2 मई को

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को हुए मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारियां प्रारम्भ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि 2 मई को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डाक मत पत्र के लिए 122 गणना सहायक, गणना सुपर वायजर और गणना माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण जिला पंचायत में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा ईवीएम के माध्यम से की जाने वाली मतगणना का प्रशिक्षण भी इसी दिन होगा। ईवीएम से होने वाली मतगणना दो पालियों में होगी। प्रथम पाली 11 बजे से 1:30 बजे तक और द्वितीय पाली 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। ईवीएम से गणना के लिए 600 शासकीय सेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## जिला बदर आरोपी गिरफ्तार : शहर में पिस्टल लेकर घूम रहा था बदमाश, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

पिस्टल लेकर घूम रहे जिला बदर के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास के पुलिस ने सिल्वर कलर की देशी पिस्टल बरामद की है। हालांकि, आरोपी के पास देशी पिस्टल कहां से पहुंची और किस आशय से वह देशी पिस्टल लेकर घूम रहा था? यह नहीं बताया है, देशी पिस्टल लेकर गायखुरी से पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी रिजवान उर्फ कंघी पिता इरफान खान को जिला मजिस्ट्रेट के 24 अगस्त 2023 के आदेश से समीपवर्ती जिले सिवनी, मंडला, डिंडौरी में एक वर्ष की कालावधि में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

हालांकि यह पहला मामला नहीं है कि जब जिला बदर के आरोपी, आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले में मिले है। इससे पूर्व भी कई जिला बदर के आरोपी को जिले की सीमा क्षेत्र में घूमते हुए पुलिस ने पकड़ा है।

नगरीय क्षेत्र के गौस नगर निवासी जिला बदर इरफान खान के देशी पिस्टल लेकर गंभीर अपराध घटित करने के आशय से घूमने की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित कर इरफान को गायखुरी के शिव मंदिर के पास से पिस्टल सहित पकड़ा है।

जिसके खिलाफ कोतवाली पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने, आर्म्स एक्ट और रासुका की धारा 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। जिसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने माननीय न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग बी.एन. चतुर्वेदी की निलंबन की मांग

## गोंडवाना समाज महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

आदिवासी बालिका कु. भुमेश्वरी पिता श्यामसिंह मरकाम 17 वर्ष के द्वारा बीते दिनो छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या की गई थी। समाचारों में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया गया था। गोंडवाना समाज महासभा ब्लाक अध्यक्ष गणेश ककोटे के द्वारा जिला कलेक्टर गिरिश मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई हैं। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग बी.एन. चतुर्वेदी को तत्काल निलंबित किया जाये। आदिवासी छात्रा के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने पर आदिवासी समाज में आक्रोश पनप रहा हैं। इससे पूर्व भी छिंदवाड़ा जिले में छात्रा के द्वारा आत्महत्या की गई थी। वहां के सहायक आयुक्त को तत्काल निलंबित किया गया था किन्तु बालाघाट में जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक इस मामले में सहायक आयुक्त पर कार्यवाही नहीं की गई हैं।

### जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन आज

**बालाघाट।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पाण्डेय के मार्गदर्शन में संचालित डीईआईसी में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ.पांडेय द्वारा बताया गया कि शिविर केवल जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा। इस शिविर में जबलपुर के डॉक्टर के एल उमा माहेश्वर शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही मुंबई नारायणा हृदयालय के डॉ. सुप्रितम सेन शिशु हृदय रोग विषेशज्ञ अपनी सेवाए देंगे। डॉ. पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में बालाघाट जिले के 10 विकास खंडों के हृदय रोग से चिन्ह अंकित लगभग 150 बच्चों को बुलाया गया है साथ ही ऐसे सभी बच्चे आ सकते हैं जिनको हृदय रोग की समस्या है या उनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है उनका फॉलो अप भी किया जाएगा एवम शिविर मैं सभी बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी। डॉ. पांडेय ने बताया की शिविर के लिए आवश्यक तैयारियों का जिम्मा राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक को सौंपा गया है उनके द्वारा इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजन किया जाएगा।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में लेटेरल एन्ट्री से प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालाघाट।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में वर्ष 2024-25 में कक्षावार रिक्त सीट के लिए वर्गवार आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। कक्षा 7वी में 01 बालक बैगा अथवा विमुक्त घुमक्कड़ तथा 01 दिव्यांग बालिका, कक्षा 8वी में 01 दिव्यांग बालक व 01 दिव्यांग बालिका तथा 01 बालिका बैगा अथवा विमुक्त घुमक्कड एवं कक्षा 9वीं में 01 बालक बैगा व विमुक्त घुमक्कड़ तथा 01 दिव्यांग बालिका की रिक्त सीट के लिए आवेदन किये जा सकते हैं। वहीं कक्षा 11वीं में 15 बालक एवं 11 बालिका की रिक्त सीट के लिये अनुसूचित जनजाति, बैगा जनजाति, विमुक्त घुमक्कड जनजाति, दिव्यांग अभ्यर्थी , अनाथ अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। कक्षा 11वी में प्रवेश लिए कक्षा 10वी में 60 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया हैं। बैगा जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी को 5% अंकों की शिथिलता दी जावेगी। आवेदन के साथ डिजिटल जाति प्रमाण पत्र , आधार कार्ड , एमपीटीएएएस पंजीयन प्रमाण पत्र, दो फोटोग्राफ्स, पिछली कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची के साथ आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथी 15 मई 2024 एवं परीक्षा तिथी पृथक से सूचित की जावेगी।

## 71 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि सोमवार को 71 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 585 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने, एजी-3 विश्वेश्वर भगत तथा राजनितिक पार्टी भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, घनश्याम मुंजारे, बीएसपी से गगन सोनी, राजपाल उके, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।

### महिलाए और बालिका सीखेगी आत्मरक्षा के गुर, कराते प्रशिक्षण और योगा शिविर कल से

**बालाघाट।** महिलाओं को सशक्त करने में जुटी रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा महिलाओं और बालिकाओ को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निःशुल्क कराते एवं योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन की अध्यक्ष और कराते में ब्लैक बेल्ट जयश्री सोनवाने ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओ को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त करने के लिए फाउंडेशन ने आत्मरक्षा के लिए कराते और योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। जो आगामी 01 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर डाईट स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय मैदान के सामने पानी टंकी के पास शाम 05 से 06 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### न्यायालय में लंबित प्रकरणों की कंप्लायन्स रिपोर्ट मांगी

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न : बालाघाट, वारासिवनी और लालबर्रा के बीईओ को जारी होंगे नोटिस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के ऐसे प्रकरण जो उच्च न्यायालय में लंबित है। उनकी समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागों से दो दिनों में ऐसे प्रकरणों की कंप्लायन्स रिपोर्ट मांगी है। इसमें शिक्षा,जनजाति कार्य विभाग, नगरीय निकाय, सीएमएचओ, पीडब्ल्यूडी,महिला बाल विकास, वन और एमपीईबी विभाग के प्रकरण लंबित है। साथ ही उन्होंने कक्षा 9 से 12 वी तक के विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप के लिए एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई जानकारी में बालाघाट, वारासिवनी और लालबर्रा का सत्यापन प्रतिशत कम होने से सम्बंधित बीईओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी व सभी विभाग प्रमुख तथा अनुभागीय अमला वीसी के माध्यम से जुड़ा।

**प्राथमिक शालाओं में लगाये सोलर पैनल का सत्यापन करेंगे एसडीएम :** टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए है कि प्राथमिक शालाओं में सोलर पैनल लगाए गए है। इन सोलर पैनल की अपडेट जानकारी अगली टीएल बैठक में प्रस्तुत करेंगे। एजेंसी द्वारा कार्य किया गया है परंतु कई स्थानों पर सोलर पैनल्स का समुचित लाभ नही मिल रहा है। इश्लिये सम्बंधित स्कूलों पर लगे पैनल्स की जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करें।

**शहर के मुख्य मार्गो और ऐतिहासिक स्थलों के लिए साइन बोर्ड लगेंगे:** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नगरीय निकाय को निर्देश दिए है कि शहर के मुख्य मार्ग और ऐतिहासिक स्थल व महत्वपूर्ण स्थलों को बताने वाले साइन बोर्ड लगाए जाएं। इस कार्य मे पुरातत्व विभाग के सहयोग लेकर कार्य पूर्ण करें।

### नाम सुधार सूचना

शपथकर्ता शहनाज परवीन पिता शेख करीम, उम्र 43 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12, बनेरा, तहसील-कंटगी, जिला बालाघाट (म.प्र.) का स्थाई निवासी हूँ यह कि शपथकर्ता का नाम सभी प्रकार से शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों मे शहनाज परवीन पिता शेख करीम है, जो कि सत्य है। यह कि शपथकर्ता का पुत्र भारतीय थल सेना में सैनिक के पद पर जम्मू - कश्मीर में कार्यरत है। यह कि शपथकर्ता के पुत्र के भारतीय थल सेना के कार्यालय मे जमा दस्तोजों मे शपथकर्ता का नाम परवीन दर्ज है जो कि त्रुटीवश असत्य है। यह कि यदि भविष्य में शपथकर्ता के दोनो नाम भिन्न भिन्न व्यक्ति के पाये जाते है तथा शपथकर्ता दोषी पाया जाता है, तो दोषी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। जिसमें शपथकर्ता को कोई आपती नही होगी। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

स्थान : कंटगी

दिनांक : 28/04/2024

### ठेकेदार की मनमानी पर जनपद सदस्य ने जताई आपत्ति

## बिजली के खंभे लगाने में बरती जा रही लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम आंजनबिहरी से रामजी टोला के बीच एकीकृत बिजली विकास योजना (आईपीडीएस) के तहत बिजली के खंभों का विस्तार किया जा रहा है. ताकि बिजली वितरण की दक्षता में वृद्धि की जा सके. मगर, जिस कंपनी को ठेका दिया गया है. उस कंपनी का ठेकेदार खंभों के विस्तार में अपनी मनमानी कर रहा है. जिससे ग्रामीणों में बेहद आक्रोश है. ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार सड़क पर बिजली के खंभे लगा रहा है जिससे भविष्य में सड़क निर्माण के दौरान परेशानी होगी और फिर खंभो का विस्तार करना पड़ेगा. जिसमें सरकारी राशि खर्च होगी. इस पूरे मामले को लेकर जनपद सदस्य चमन डोंगरवार ने बिजली विभाग सहायक अभियंता से शिकायत की है. सहायक अभियंता राजीव रंजन ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है. ठेकेदार को समझाइश दी जाएगी. बता दें कि आंजनबिहरी से रामजी टोला सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी केंद्र सरकार की नई आईपीडीएस योजना के तहत नए ग्रिड बना रही है. जिससे बिजली व्यवस्था में सुधार होगी. साथ ही घरेलू, उद्योग और कृषि उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा. बता दें कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से संचालित योजना आरडीएसएस के तहत नए ग्रिड, लाइनों, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाएं जा रहे है. यह काम कंपनी ठेकेदारों के द्वारा किया जा रहा है. बिजली कंपनी ने जिसे खंभे लगाकर लाइन बिछाने का काम सौंपा है, उनकी ओर से ही काम की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है. सामान्य ढंग से गड्ढे खोदकर उसे मिट्टी, पत्थर भरा जा रहा है. सीमेंट का उपयोग नहीं हो रहा है. वहीं ऐसे स्थान पर खंभे लगाए जा रहे है जहां सड़क हादसे होने की संभावना अधिक है. घटिया क्वालिटी से पोल सहित अन्य सामान लगाकर ठेकेदार इतिश्री कर रहे हैं. जबकि नियमानुसार प्रयुक्त सामान की जांच करने का जिम्मा संभालने वाले अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे है।

#### इनका कहना है

ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है. सड़क पर बिजली के खंभे लगाए जा रहे है जिससे भविष्य में सड़क निर्माण के दौरान परेशानी होगी।

**चमन डोंगरवार जनपद सदस्य**

जनपद सदस्य की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है, ठेकेदार को समझाइश दी जाएगी कि वह सड़क पर बिजली के खंभे ना लगाए।

**राजीव रंजन सहायक यंत्री**

### कराटे और फुटबॉल प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटंगी।** संचालनालय खेल एवं कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं कल्याण विभाग बालाघाट जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में 1 मई से 31 मई तक सभी विकासखंड में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें विकासखंड स्तर पर दो खेल आयोजित होंगे तथा जिलास्तर पर 8 खेल जिसमें विकासखंड कटंगी युवा समन्वयक संतोष पारधी द्वारा कटंगी तथा तिरोड़ी में कराटे एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 31 मई तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर सीएम राइस स्कूल में सुबह साढ़े 07 से 09 बजे तक कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. कराटे प्रशिक्षका साक्षी खैरकर, सहायक प्रशिक्षिका उर्वशी चौधरी द्वारा तथा तिरोड़ी में फुटबॉल का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया जा रहा है. प्रशिक्षक जितेंद्र अहिरवार द्वारा सुबह 6 से 9 दुर्गा चौक मॉयल ग्राउंड में होगा।

### 11 मई 2024 को आयोजित होगी वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेशचंद्र थपलियाल व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 11 मई 2024 दिन शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्ति कर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा। नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com